भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3250
जिसका उत्तर मंगलवार, 17 मार्च, 2015 को दिया जाना है

सीसीआई में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति

3250. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवालः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान भारतीय सीमेंट निगम (सीसीआई) में अनुकंपा के आधार पर दी गई नियुक्ति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु सीसीआई में लंबे समय से बड़ी संख्या में आवेदन लंबित है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन नियुक्तियों हेतु क्या मानदंड निर्धारित किए गए है; और

(घ) इस मुद्दे के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है और लंबित नियुक्तियों को कब तक दिए जाने की संभावना है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क): श्रीमती रेणू सक्सेना, सहायक को सीसीआई ने अनुकंपा आधार पर वर्ष 2011-12 में नियुक्त किया गया था। वर्ष 2012-13, 2013-14 और 2014-15 के दौरान सीसीआई में अनुकंपा आधार पर कोई नियुक्ति नहीं की गई है।

(ख): अनुकंपा आधारों पर नियुक्ति के लिए सीसीआई के कार्पोरेट कार्मिक विभाग में आज की तारीख तक 9 आवेदन पत्र लंबित हैं।

(ग) और (घ): सीसीआई में अनुकंपा आधार पर नियुक्ति के लिए लंबित आवेदन पत्रों का ब्यौरा संलग्न अनुबंध में दिया गया है।

सीमेन्ट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया, बीआईएफआर को संदर्भित एक रुग्ण कंपनी है। इसकी 3 प्रचालनरत इकाई तथा 7 अप्रचालनरत इकाई हैं। बीआईएफआर/सरकार द्वारा अनुमोदित पुनरुद्धार योजना के अनुसार इसकी 6 अप्रचालनरत इकाइयों को बंद कर दिया गया है और 3 प्रचालनरत इकाइयों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। तीन प्रचालनरत इकाइयों/कार्पोरेट कार्यालय के लिए जनशक्ति की आवश्यकता को देखते हुए स्वीकृत कर्मचारी संख्या का निर्धारण भारतीय प्रशासनिक स्टॉफ कॉलेज, हैदराबाद द्वारा किए जा रहे जनशक्ति अध्ययन को अंतिम रूप दिए जाने के आधार पर किया जाना है। अनुकंपा आधार पर रिक्तियों को भरना स्वीकृत कर्मचारी संख्या पर निर्भर करता है।

****

अनुबंध

क्र.सं.	**आवदेक का नाम**	**कर्मचारी का नाम**	**आवेदन की तारीख**	**कर्मचारी के साथ संबंध**
1.	श्री अनूप कुमार	स्व. जगदीश सिंह	28.07.2006	पुत्र
2.	श्रीमती दाती बाई	स्व. कन्हैयालाल शर्मा	26.08.2006	पत्नी
3.	श्रीमती के. सावित्री	स्व. के. रविन्द्र	27.05.2007	पत्नी
4.	श्रीमती शारदा देवी	स्व. विदेशी कुमार ठाकुर	01.09.2011	पत्नी
5.	श्रीमती चिमरा देवी	स्व. जसवंत सिंह रावत	01.02.2012	पत्नी
6.	श्रीमती रामरती देवी	स्व. अजीत कुमार सिंह	09.10.2013	पत्नी
7.	श्रीमती श्वेता सिंह	स्व. प्रताप विनय	07.01.2014	पत्नी
8.	श्रीमती बीना देवी	स्व. कनचिद कुमार	09.12.2014	पत्नी
9.	श्री अरशद अय्यूब सिद्दीकी	स्व. शेख अय्यूब हुसैन	-------	पुत्र

*****